# प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 07.03.2017 को संपन्न विभागीय पदाधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक की कार्यवाही :—

प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 07.03.2017 को विभागीय पदाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक की गयी, जिसमें विभाग के सभी वरीय पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी एवं प्रशाखा पदाधिकारी उपस्थित हुए।

2. बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को कड़ा निर्देश दिया गया कि वे निर्धारित कार्यालय अवधि पूर्वा० 09:30 बजे तक अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपस्थित रहेंगे एवं अधीनस्थ कर्मियों को भी निर्धारित समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराएंगे तथा प्रशाखा के प्रभारी पदाधिकारी प्रतिदिन पूर्वा० 09:40 बजे तक प्रशाखा की उपस्थिति पंजी की जाँच करेंगे एवं जो कर्मी विलंब से कार्यालय आते हैं, उनके संबंध में प्रभारी पदाधिकारी अधोहस्ताक्षरी को प्रतिवेदित करेंगे।

3. अभियंत्रण संगठन के गठन के संबंध में माननीय मुख्यमंत्री के स्तर पर आयोजित अंतिम बैठक में प्राप्त निर्देश के आलोक में संलेख प्रारूप में Divisional structure, पद सृजन आादि संशोधित करके एक सप्ताह के अंदर संचिका में उपस्थापित करने का निर्देश पिछली बैठक में दिया गया था, जिसका अनुपालन अभी तक नहीं हो पाया है। निर्देश दिया गया कि इसकी संचिका दिनांक 08.03.2017 तक अनिवार्य रूप से उपस्थापित की जाय। **(अनुपालन :— प्रशाखा पदाधिकारी—1)**

4. बुडा के पुनर्गठन संबंधी संचिका आवश्यक कार्रवाई करके दिनांक 08.03.2017 को अनिवार्य रूप से अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थापित करने का निर्देश दिया गया।

**(अनुपालन :— विनोदानंद झा, उप निदेशक)**

5. नगरपालिका निदेशालय प्रशासन के पद सृजन की संचिका वित्त विभाग में भेजी गयी थी, जिसमें वित्त विभाग द्वारा कुछ आपत्तियाँ की गयी है। निर्देश दिया गया कि आपत्तियों का निराकरण करके आज ही संचिका अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थापित किया जाय ताकि वित्त विभाग को स्वीकृति हेतु भेजा जा सके। यह भी निर्देश दिया गया कि नगरपालिका निदेशालय प्रशासन के Cadre structure की संचिका भी दिनांक 08.03.2017 तक अनिवार्य रूप से उपस्थापित की जाय।

**(अनुपालन :— निदेशक, नगरपालिका प्रशासन—सह—संयुक्त सचिव)**

6. पिछली बैठकों में निर्देश दिया जाता रहा है कि सभी वरीय प्रभारी पदाधिकारी अपने प्रभार के प्रशाखा के कार्यों का प्रशाखा के सहायक/प्रशाखा पदाधिकारी/कनीय प्रभारी पदाधिकारी के साथ अपने स्तर पर अनिवार्य रूप से साप्ताहिक समीक्षा बैठक करेंगे तथा बैठक की कार्यवाही अधोहस्ताक्षरी के अवलोकन हेतु नियमित रूप से उपलब्ध कराएंगे, जिसका अनुपालन नहीं हो पा रहा है। निर्देश दिया गया कि सभी वरीय पदाधिकारी इसका अनुपालन नियमित रूप से सुनिश्चित करेंगे तथा प्रत्येक बैठक की कार्यवाही अनिवार्य रूप से अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराएंगे। **(अनुपालन :— सभी वरीय प्रभारी पदाधिकारी)**

7. निर्देश दिया गया कि विभाग में वर्तमान में जिन कमरों का Renovation नहीं किया जाना है, उन कमरों में पदाधिकारियों/कर्मियों को पूर्व के आँकलन के अनुसार कम्प्यूटर उपलब्ध करा दिया जाय एवं उन सभी कम्प्यूटरों में LAN की भी व्यवस्था कर दी जाय। तत्काल Renovation किये जाने वाले कमरों/श्रम संसाधन विभाग से विभाग को हस्तांतरित कमरों/हॉल में LAN की व्यवस्था कर दी जाय। यह कार्य एक सप्ताह के अंदर अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर ली जाय। **(अनुपालन :— आई०टी० मैनेजर)**

8. निर्देश दिया गया कि विभाग में नियुक्त किये जाने वाले HFA, AMRUT, SBM के प्रोफेशनल्स तथा बिहार विकास मिशन से प्राप्त प्रोफेशनल्स के वरीय कंसल्टेंट को विभाग में ही बैठने हेतु जगह अभी से ही

चिन्हित कर ली जाय। यह कार्य नोडल पदाधिकारी श्री सोमेश कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। **(अनुपालन :– श्री सोमेश कुमार सिंह, का०अभि०)**

**9.** बैठक में जानकारी प्राप्त हुई कि इंदिरा भवन के 7वें फ्लोर पर अवस्थित बुडा के कार्यालय हेतु उपलब्ध कमरों/हॉल में अभी काफी जगह खाली हैं। यह भी जानकारी प्राप्त हुई कि इंदिरा भवन में प्रथम तल पर अवस्थित CGRC Cell के जगह के एकरारनाम की अवधि समाप्त हो गयी है। निर्देश दिया गया कि CGRC Cell को इंदिरा भवन में ही 7वें फ्लोर पर बुडा के खाली कमरों/हॉल में Shift कर दिया जाय। **(अनुपालन :– श्री नरेन्द्र कुमार सिंह, अपर सचिव)**

**10.** पटना मेट्रोपॉलिटन एरिया ऑथोरिटी के कार्यालय की स्थापना, रेवेन्यू कलेक्शन, बजट शीर्ष का सृजन, पद सृजन आदि से संबंधित अग्रेत्तर कार्रवाई करके संचिका में 2 दिनों के अंदर उपस्थापित की जाय। श्री हरिशंकर, सहायक नगर निवेशक को यह भी निर्देश दिया गया कि पटना मेट्रोपॉलिटन एरिया ऑथोरिटी के पद सृजन का प्रस्ताव तैयार करके प्रशाखा पदाधिकारी–1 को दिनांक 08.03.2017 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दी जाय। तदोपरांत प्रशाखा–1 द्वारा इसे संचिका में उपस्थापित किया जाएगा।

यह भी निर्देश दिया गया कि पटना मेट्रोपॉलिटन एरिया ऑथोरिटी की कमिटी की बैठक आयोजित कराने हेतु संचिका 2 दिनों के अंदर उपस्थापित की जाय एवं बैठक में चर्चा हेतु एजेंडा भी तैयार किया जाय। **(अनुपालन :– सहायक नगर निवेशक)**

**11.** सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के निर्धारित दर पर पटना मास्टर प्लान अंतर्गत महत्वपूर्ण नेटवर्किंग पथों का ड्रोन विडियोग्राफी करायी जाय। इस संबंध में पूर्ण जानकारी प्राप्त करके 2 दिनों के अंदर संचिका में प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थापित किया जाय। **(अनुपालन :– सहायक नगर निवेशक)**

**12.** राजगीर एवं बोधगया का आयोजना प्राधिकार के गठन संबंधी प्रस्ताव अधिसूचना प्रारूप संचिका मे दिनांक 08.03.2017 तक अनिवार्य रूप से उपस्थापित की जाय। **(अनुपालन :– सहायक नगर निवेशक)**

**13.** बैठक में श्री सतीश अग्रवाल, SPUR द्वारा बताया गया कि SPUR द्वारा तैयार किये गये डी०पी०आर० विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करा दिये गये हैं। आई०टी० मैनेजर द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि वर्तमान में निर्गत होने BUDA के RTGS संबंधी कार्यालय आदेश की प्रति उन्हें प्राप्त हो रही है एवं उसे विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कर दी गयी है।

प्रशाखा पदाधिकारी–4 को कड़ा निर्देश दिया गयाा कि वर्ष 2012–13 से अभी तक RTGS संबंधी सभी कार्यालय आदेश की प्रति एक सप्ताह के अंदर हर हालत में वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु आई०टी० मैनेजर को उपलब्ध करा दी जाय। यदि यह कार्य समयसीमा के अंदर पूर्ण नहीं किया जाता है तो इसे गंभीरता से लिया जाएगा। श्री विनोदानंद झा, उप निदेशक, इसका समुचित अनुश्रवण सुनिश्चित करेंगे।**(अनुपालनः–श्री विनोदानंद झा, उप निदेशक/ प्र०पदा०–4/आई०टी० मैनेजर)**

**14.** HFA एवं SBM का नगर निकायों में माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को शिविर आयोजित करने का दिशानिर्देश पूर्व से निर्गत है। विभाग द्वारा यह भी आदेश निर्गत है कि सभी जिले के नोडल पदाधिकारी शिविर के दिन अपने जिले के नगर निकायों में उपस्थित रहेंगे एवं प्रगति से उसी दिन अपराह्न में प्रधान सचिव को प्रतिवेदन से अवगत कराएंगे।

**निर्देश दिया गया कि जिले के सभी नोडल पदाधिकारी अपने जिले के नगर निकायों में इस कार्य का अनुश्रवण करेंगे एवं शिविर के दिन नगर निकाय में उपस्थित रहेंगे तथा नगर निकाय में जाने की तिथि की सूचना प्रधान सचिव कोषांग को आज ही उपलब्ध कराएंगे। श्री जय प्रकाश मंडल, विशेष सचिव इस कार्य समुचित समन्वय सुनिश्चित करेंगे।**

(अनुपालन :– जिले के सभी नोडल पदाधिकारी)

15. उद्योग विभाग से प्राप्त Ease of Doing Buisiness संबंधी पत्र, Labour Cess संबंधी अन्य राज्यों में संचालित प्रक्रिया के संबंध में प्रतिवेदन, पटना मास्टर प्लान, 2031 अंतर्गत प्रस्तावित सड़क की वर्तमान स्थिति, भूमि की उपलब्धता, अवस्थित आधारभूत संरचनाओं तथा RERA संबंधी संचिका के उपस्थापन करके कार्य निष्पादन हेतु पिछली बैठकों में निर्देश दिया जाता रहा है, लेकिन अभी तक यह कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। इस संबंध में पूर्व में अधोहस्ताक्षरी द्वारा सहायक नगर निवेशक से स्पष्टीकरण भी माँगा गया था।

सहायक नगर निवेशकों को कड़ा निर्देश दिया गया कि एक सप्ताह के अंदर कार्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति उनके विरूद्ध प्रपत्र 'क' गठित करके अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

**(अनुपालन :– सहायक नगर निवेशक)**

16. स्ट्रीट लाईट के संबंध में गाईडलाईन बनाने हेतु मुख्य अभियंता के स्तर पर लगभग 3 माह पूर्व ही एक कमेटी गठित की गयी थी। इस कमिटी द्वारा अभी तक गाईडलाईन तैयार नहीं किया गया है। इस हेतु पूर्व में भी बैठकों में निर्देश दिया जाता रहा है।

निर्देश दिया गया कि इस कमेटी द्वारा एक सप्ताह के अंदर इस संबंध में detailed Guideline तैयार करके अधोहस्ताक्षरी को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायी जाय। मुख्य अभियंता को निर्देश दिया गया कि वे इस हेतु व्यक्तिगत ध्यान देकर ससमय गाईडलाईन तैयार करेंगे।

**(अनुपालन :– मुख्य अभियंता, बुडा)**

17. सी०ए०जी० रिपोर्ट, लोक लेखा समिति का ऑडिट रिपोर्ट, Compliance report, नगर निकायों का बजट आदि को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाय। प्रशाखा पदाधिकारी–7 द्वारा Compliance report श्री अमितेष, आई०टी० मैनेजर को नियमित रूप से उपलब्ध कराएंगे एवं वे इस हेतु सभी संबंधितों के साथ समन्वय सुनिश्चित करेंगे।

प्रशाख पदाधिकारी–7 को यह भी निर्देश दिया गया कि CAG का Compliance report यदि ससमय नगर निकायों/एजेंसियों से प्राप्त नहीं होता है तो उसे उस जिले के लिए नामित नोडल पदाधिकारी को समन्वय करके प्राप्त करने हेतु उपलब्ध कराया जाय।

**(अनुपालन :–प्रशाखा पदा०–7 एवं आई०टी० मैनेजर)**

18. **निर्देश दिया गया कि विभाग के सभी जिलों के नोडल पदाधिकारी, अपने जिले के नगर निकायों से समन्वय करके शौचालय संबंधी ODF का प्रतिवेदन प्राप्त करेंगे एवं प्रत्येक 15 दिनों पर नोडल पदाधिकारी, श्रीमती इन्दु कुमारी, विशेष कार्य पदाधिकारी को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएंगे। विशेष कार्य पदाधिकारी नियमित रूप से संचिका के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को प्रतिवेदन से अवगत कराएंगे एवं जिलों के सभी नोडल पदाधिकारियों के साथ इस हेतु समन्वय सुनिश्चित करेंगी।** **(अनुपालन :– श्रीमती इन्दु कुमारी, OSD/ जिले के सभी नोडल पदाधिकारी)**

19. प्रत्येक माह किये जाने वाले विभागीय पदाधिकारियों का निरीक्षण प्रतिवेदन, प्रगति प्रतिवेदन आदि को नियमित रूप से जिलावार Format में तैयार करके विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाय ताकि जिले के नोडल पदाधिकारी नगर निकाय में निरीक्षण/भ्रमण के क्रम में वेबसाईट पर उस नगर निकाय की प्रगति आदि देखकर समीक्षा कर सकें। **(अनुपालन :–श्री अमितेष, आई०टी० मैनेजर)**

20. बिहार विकास मिशन द्वारा विभाग से माँगे जाने वाले प्रतिवेदन के Format के अनुसार विभाग में हर घर नल–जल एवं नाली–गली योजना संबंधी तैयार किये गये Format में यदि संशोधन या कोई बिन्दु Add करने की आवश्यकता हो तो संबंधित योजना के नोडल पदाधिकारी द्वारा विभागीय Format को संशोधित कर लिया जाय।

**(अनुपालन :–श्री सुरेश कु० तिवारी, अधी०अभि०/श्री सोमेश कु० सिंह, का०अ०)**

21. मुख्यमंत्री शहरी नाली–गली निश्चय योजना, हर घर नल जल निश्चय योजना एवं शौचालय निर्माण योजना के अनुश्रवण हेतु जिले के सभी नोडल पदाधिकारी अपने संबद्ध जिले के नगर निकायों का माह

में एक बार अनिवार्य रूप से स्थल भ्रमण करेंगे। **सभी नोडल पदाधिकारी प्रत्येक माह में स्थल भ्रमण हेतु तिथि निर्धारित करके प्रधान सचिव कोषांग को उस माह के 5 तारीख तक अनिवार्य रूप से सूचित कर देंगे तथा स्थल भ्रमण का प्रतिवेदन संबंधित योजना के नोडल पदाधिकारी एवं अधोहस्ताक्षरी को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएंगे।**

**(अनुपालन :– सभी जिले के नोडल पदाधिकारी)**

22. प्रशाखावार/कोषांगवार संबंधी अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की विवरणी अनुलग्नक–1 के रूप में संलग्न है। इनमें वैसे मुद्दे, जो अभी तक लंबित हैं, उसकी सूची तैयार कर ली जाय एवं अगली बैठक में विमर्श हेतु उपस्थापित किया जाय।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

7/3/2017

**(चैतन्य प्रसाद)**

प्रधान सचिव

ज्ञापांक 1586 न०वि० एवं आ०वि०/पटना, दिनांक 8/3/17

प्रतिलिपि :– सभी विभागीय पदाधिकारी/जिले के सभी नोडल पदाधिकारी/प्रबंध निदेशक, बुडको/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य जल पर्षद्, पटना/Team Leader, SPUR/Team Leader, PMC (NULM)/ SPMG कोषांग/अभियंत्रण कोषांग/TCPO/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

7/3/2017

**प्रधान सचिव**

